**वैक्सीनेशन** • दोनों डोज का आंकड़ा 10 करोड़ के करीब पहुंचा

# मप्र में अभी भी 30 लाख को पहला, 87 लाख को नहीं लगा दूसरा डोज

## पौने छह लाख गर्भवती भी आईं वैक्सीनेशन के दायरे में, सवा करोड़ डोज का स्टॉक

भास्कर न्यूज | भोपाल

मप्र में वैक्सीन लगाने का काम शुरू हुए शुक्रवार को ग्यारह महीने पूरे हो गए, लेकिन अभी 30 लाख पात्र लोगों को पहला और 87 लाख को दूसरा डोज नहीं लगा है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि दिसंबर के आखिर तक मप्र पूरी तरह वैक्सीनेटेड होने की उम्मीद है। इधर, लगातार वैक्सीनेशन महाभियान के चलते प्रदेश में पहला और दूसरा मिलाकर डोजेज का कुल आंकड़ा 10 करोड़ के करीब पहुंच गया है। अब तक 9 करोड़ 80 लाख डोज लगाए जा चुके हैं।

इसी तरह पांच लाख 75 हजार गर्भवती महिलाओं को भी वैक्सीनेशन के दायरे में लाया गया है। करीब 3 लाख 49 हजार को पहला और 2 लाख 25 हजार को दूसरा डोज लग चुका है। इसी तरह 42 जिले ऐसे हो चुके हैं, जहां 90 फीसदी से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन की पहली डोज लग गई है। साथ ही आठ जिले आगर, डिंडोरी, रतलाम, भोपाल, इंदौर, खंडवा, दतिया और शहडोल ही ऐसे हैं, जहां 90 फीसदी को दूसरी डोज लग चुकी है। इन आठ जिलों में पहली डोज भी 90 फीसदी से अधिक लोगों को लग गई है।

**1.25 करोड़ डोज का है स्टॉक :** इस समय मप्र के पास 1.25 करोड़ डोज का स्टॉक है। साथ ही दो करोड़ सिरींज मौजूद हैं। यह लक्ष्य रखा गया है कि इस दिसंबर माह में लोगों को करीब एक करोड़ डोज लग जाए। इसमें पहली और दूसरी डोज शामिल हैं। भास्कर

### ये वर्ग वैक्सीनेशन के दायरे में आए

- 18 से 44 वर्ष : 6 करोड़ 31 लाख 75 हजार 90
- 45 से 60 वर्ष : 2 करोड़ 21 लाख 84 हजार 728
- 60 से ऊपर : 1 करोड़ 26 लाख 54 हजार 802

पुरुष : 5.12 करोड़, महिलाएं : 4.68 करोड़

### आगर सौ फीसदी वैक्सीनेटेड जिला

सिर्फ आगर जिला ही ऐसा है, जहां पहली और दूसरी डोज मिलाकर सभी श्रेणियों के पात्र व्यक्ति 100 फीसदी कवर हो चुके हैं। इंदौर और भोपाल भी जल्द ही सौ फीसदी होने वाला है। इंदौर-भोपाल में पहला डोज सौ प्रतिशत हो चुका है। दूसरे डोज क्रमशः 92.2 व 91.2 प्रतिशत हो चुके हैं।

### नर्मदा परिक्रमा से लौटे 3 पॉजिटिव

राजधानी में शनिवार को छह और लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें तीन नर्मदा परिक्रमा करके लौटे हैं। दरअसल, 12 लोगों का समूह परिक्रमा से लौटा था। रानी कमलापति स्टेशन पर उनके सैंपल लेकर जांच की गई थी। इनमें 3 लोग पॉजिटिव मिले हैं।

दै. भास्कर 19/12/21

# कलेक्टर ने समय सीमा तय की, पीआइयू ने बढ़ा दी

## निर्माण विभागों की समीक्षा में धीमे कामकाज पर कलेक्टर नाराज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के कामकाज की समीक्षा शनिवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने की। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व लोक निर्माण विभाग के पीआइयू (परियोजना क्रियान्वयन इकाई) की धीमी गति पर सख्त नाराजगी जाहिर की। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री से कलेक्टर ने कहा कि आपके पास छोटे-छोटे काम हैं, लेकिन वे भी समय सीमा में नहीं कर पा रहे हैं। लंबित सभी कार्य एक माह में पूर्ण करें।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह, पीआइयू के जेके मीणा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक आरके तोमर, जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री पीके खरत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पीके गोगादे, सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ आरके गुप्ता, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के मुले, आरइएस के कार्यपालन यंत्री धनोतिया आदि उपस्थित रहे। समीक्षा में बताया गया कि पीआइयू द्वारा बाजना कालेज भवन का निर्माण किया जा रहा है जो जनवरी तक पूरा हो जाएगा। आलोट कालेज के 6 कक्ष भी इसी माह पूर्ण कर ले जाएंगे। गर्ल्स कालेज रतलाम के अतिरिक्त कक्षों, सभागृह का पुनर्निर्माण भी हो रहा है। इसके अलावा स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थाओं में भी कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए। विगत बैठकों में कलेक्टर द्वारा पीआइयू के कार्यों की समय सीमा निश्चित की थी। इस बार समीक्षा में कलेक्टर ने पाया कि पीआइयू द्वारा अपने स्तर से ही कार्यों की समय सीमा और आगे बढ़ा दी गई। इस पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की और कहा काम को पूर्व तय समय पर पूरा करना होगा। ठेकेदार की सतत मानीटरिंग करें। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा भी की गई। विभाग द्वारा अधिकांश सड़कों का निर्माण समय सीमा में किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा छह आंगनबाड़ियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने तीन महीने में काम पूरा करने के निर्देश दिए। नई.



कलेक्टोरेट में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया

### लेबड़ फोरलेन पर 65 किमी का हिस्सा खराब

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि लेबड़-जावरा हाईवे पर इंदौर की ओर जाने वाली साइड में सड़क खराब हो चुकी है। लगभग 65 किलोमीटर का पेच खराब है जबकि निर्माण कंपनी को टोल राशि प्राप्त होती है। कलेक्टर ने विकास निगम के मुले को निर्देशित किया कि कलेक्टर की ओर से सड़क विकास निगम के एमडी को पत्र लिखा जाए ताकि हाईवे का मरम्मत कार्य हो सके।

### सुभाष नगर ब्रिज में 14 मकानों का मुआवजा बाकी

बैठक में सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ ने सुभाष नगर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर बताया कि सेतु निर्माण विभाग द्वारा दोनों और लगभग 600 मीटर लंबाई में पुल का निर्माण किया जा रहा है। अभी 14 मकानों का मुआवजा दिया जाना बाकी है। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा सोमवार को की जाएगी। जिसमें विभाग के एसडीओ सहायक यंत्री और उपयंत्री भी उपस्थित रहेंगे। बैठक सोमवार को शाम चार बजे आयोजित की जाएगी।

नईदुनिया 19/12/21

नया डर

# अब तक करीब 180 लोगों के रतलाम आने की सूचना, संभावित 20 लोग तो यहां पहुंचे ही नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे के बाद अब विदेश यात्रा से रतलाम पहुंचने वालों पर स्वास्थ्य विभाग नजरें गढ़ाए बैठा है। रतलाम में अब तक करीब पौने दो सौ लोगों के आने की सूचना स्वास्थ्य विभाग के पास पहुंची है। ऐसे में विभाग ने जब इनकी खोजबीन की तो पता चला कि करीब 20 लोग यहां पर पहुंचे ही नही है। ऐसे में इनकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि इन सब लोगों की कोविड जांच एयरपोर्ट हो चुकी है और रिपोर्ट भी नेगेटिव आई है।

स्वास्थ्य विभाग के पास अब तक करीब 180 लोगों की सूची पहुंच चुकी है। इस सूची में सभी लोग विदेश यात्रा वाले है। इनमें से करीब 160 लोग रतलाम आए है जिनसे टीम ने संपर्क करके उनके स्वास्थ्य का परीक्षण भी कर लिया है। सभी का कोविड टेस्ट किया है, जिसकी रिपोर्ट भी नेगेटिव आई है। वहीं करीब 20 लोग जो रतलाम नही आए है, वह रहने वाले रतलाम के है लेकिन वह अन्य जिलों में काम के लिए आए थे और वहीं से फिर लौट गए है। उनके रतलाम नही आने के कारण उनके टेस्ट यहां पर नही हो सके है।

वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के अमले को कोरोना पॉजिटिव पाए गए युवक की जीनोम जांच की रिपोर्ट का इंतजार है। युवक तो फिलहाल पूरी तरह से स्वस्थ है लेकिन उसके पॉजिटिव पाए जाने के बाद से स्वास्थ्य विभाग के साथ प्रशासन की नजर उस पर बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने युवक में ओमिक्रॉन के लक्षण तो नही है, यह पता लगाने के लिए उसका सेंपल जीनोम जांच के लिए दिल्ली की लैब में भिजवाया है, जहां पर जांच के बाद युवक के वायरस और उसके स्ट्रेन का पता चल सकेगा। फिलहाल उक्त जांच रिपोर्ट आने में सात दिन का समय लगना बताया जा रहा है।

पत्रिका

पत्रिका 19/12/21

बोले छोटे-छोटे काम हैं फिर भी समय पर पूरे नहीं कर पा रहे हो

# धीमी गति से चल रहे कार्यों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



रतलाम. छोटे-छोटे काम है लेकिन वह भी समय सीमा में नहीं कर पा रहे हैं। लंबित सभी कार्य एक माह में पूर्ण करें। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री को दिए। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा पीआईयू की धीमी गति पर नाराजगी जताई है।

बैठक में बताया कि पीआईयू द्वारा बाजना कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है जो जनवरी तक पूरा हो जाएगा। आलोट कालेज के 6 कक्ष भी इसी माह पूर्ण कर ले जाएंगे। कन्या महाविद्यालय रतलाम के अतिरिक्त कक्षों, सभागृह का पुनर्निर्माण भी पीआईयू कर रहा है। इसके अतिरिक्त स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थाओं में भी कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए।

विगत बैठकों में कलेक्टर द्वारा पीआईयू के कार्यों की समय सीमा निश्चित की गई थी परंतु इस बार समीक्षा में कलेक्टर ने पाया कि पीआईयू द्वारा अपने स्तर से ही कार्यों की समय सीमा और आगे बढ़ा दी गई। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि काम को पूर्व निर्धारित समय पर पूरा करना होगा। इसके लिए ठेकेदार की सतत मॉनिटरिंग करें। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा भी की गई।

## 65 किमी का पेंच खराब

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि लेबड़-जावरा हाईवे पर इंदौर की ओर जाने वाली साइड में सड़क खराब हो चुकी है। इस ओर का लगभग 65 किलोमीटर का पेच खराब है जबकि निर्माण कंपनी को टोल राशि प्राप्त होती है। इस संबंध में कलेक्टर ने विकास निगम को निर्देशित किया कि कलेक्टर की ओर से सड़क विकास निगम के एमडी को पत्र लिखा जाए ताकि हाईवे का मरम्मत कार्य हो सके।

## 16 योजनाएं स्वीकृत है

बैठक में सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ द्वारा सुभाष नगर रतलाम के रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई। बताया कि । विभाग द्वारा दोनों ओर लगभग 600 मीटर लंबाई में पुल का निर्माण किया जा रहा है। अभी 14 मकानों का मुआवजा दिया जाना बाकी है जिसकी सूची एसडीएम को उपलब्ध कराई गई है। जल संसाधन विभाग की भी समीक्षा में बताया कि विभाग की 16 योजनाएं स्वीकृत है जिन प कार्य किया जाना है।

पत्रिका

पत्रिका 19/12/21

**टारगेट तय** • 22 दिसंबर तक रात की सफाई, 23 तक ड्यूटी व 24 तक कचरा प्लान बनाएंगे

# रतलाम को सफाई में टॉप लाने प्रशासक ने संभाली स्वच्छता अभियान की कमान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

फरवरी से अप्रैल के बीच होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को टॉप शहरों में लाने मशक्कत शुरू हो गई है। पहले हो चुके सर्वेक्षण में सामने आई कमियों को ध्यान में रखते हुए तैयारी की जा रही है। बड़ी बात यह कि स्वच्छता अभियान की कमान खुद कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने संभाल ली है। शनिवार को कलेक्टर ने 22 से 25 दिसंबर के बीच पूरे करने के 9 टारगेट दिए हैं। इनमें रात की सफाई चालू करवाना, सफाई कर्मचारियों का ड्यूटी प्लान और कचरा कलेक्शन वाहनों का रूट चार्ट बनाकर संचालन करना शामिल हैं। इतना ही नहीं इनकी कलेक्टर खुद हर दिन मॉनिटरिंग करेंगे। कलेक्टर के दिए टारगेट के अनुसार आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें 2021 के सर्वेक्षण में 1 से 10 लाख तक की आबादी वाले देश के 372 में रतलाम 42वें नंबर आया था। 2020 में ओवरआल रैंक 49 थी।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2022**

## जानिए, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और क्या-क्या करेगा निगम

- **होटल, रेस्टोरेंट की सफाई प्रतियोगिता :** यह शहर के सभी होटल व रेस्टोरेंट के बीच होगी। मापदंड बनने के बाद एक सप्ताह का समय देंगे। उसके बाद एक टीम सर्वे करेगी। बेहतर सफाई वाले होटल, रेस्टोरेंट को विजेता घोषित कर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ने चार अधिकारियों की समिति बना दी है।
- **प्लॉग रन सह स्वच्छता श्रमदान :** यह दौड़ 26 दिसंबर को सुबह 9 से 10.30 बजे तक होगी। इसमें निगम अमले के साथ जनप्रतिनिधि, नागरिक, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी दौड़ते हुए कचरा एकत्र करेंगे। साथ ही जलाशय, मुख्य बाजार, रहवासी क्षेत्र और स्कूलों में सफाई करके श्रमदान करेंगे।



- **वॉकी-टॉकी :** समस्या, शिकायतों के साथ आदेश-निर्देश को तत्काल पालन करवाने के लिए 80 मैदानी अधिकारियों को वॉकी टॉकी उपलब्ध करा दिए गए हैं। इससे स्वच्छता अभियान में तेजी आएगी, अमले में कम्यूनिकेशन गेप नहीं रहेगा, दिए गए काम समय पर पूरे होंगे।
- **बाहरी संस्था की मदद :** शहर की सफाई को इंदौर की तरह बनाने के लिए निगम ने इंदौर में स्वच्छता अभियान में काम करने वाली संस्था को हायर किया है। अनुबंध सालभर के लिए हुआ है, इसके बदले निगम संस्था को करीब एक करोड़ देगा। संस्था अपने 56 कर्मचारी रख सफाई व्यवस्था को बेहतर करेंगी।
- **ब्रांड एंबेसेडर करेंगे ब्रांडिंग :** अभियान में शहरवासियों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता कराने के लिए पदमश्री डॉ. लीला जोशी सहित चार ब्रांड एंबेसेडर बनाए गए हैं। ये स्वच्छता की सारी गतिविधियों में शामिल होकर लोगों अभियान से जोड़ेंगे। सफाई बेहतर बनाने के सुझाव भी देंगे।

### टारगेट और उनकी समय सीमा

- रात की सफाई योजना बनाकर चालू करवाना - जीके जायसवाल 22 दिसंबर
- स्वास्थ्य और सफाई कर्मचारियों का ड्यूटी प्लान बनाकर अमल में लाना विकास सोलंकी, जीके जायसवाल 23 दिसंबर
- शिकायतों निराकरण, टोल फ्री नंबर 14420 चालू करना- सुरेशचंद्र व्यास 24 दिसंबर।
- कचरा कलेक्शन वाहनों का रूट चार्ट अनुसार कचरा उठाव -जीके जायसवाल 24 दिसंबर
- सफाई कर्मचारियों को यूनिफार्म देना विकास सोलंकी- जीके जायसवाल 25 दिसंबर
- पलसोड़ा में वर्कशॉप स्थापना- सुरेशचंद्र व्यास, मो. हनीफ शेख 25 दिसंबर
- कलेक्टोरेट और नगर निगम कार्यालय गारबेज फ्री ऑफिस बनाना सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल 25 दिसंबर
- सारे सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों की मरम्मत, सफाई, रंगाई-पुताई जीके जायसवाल 25 दिसंबर
- गीले व सूखे कचरे के लिए दो ट्रैक्टर की व्यवस्था मो. हनीफ शेख 25 दिसंबर

भास्कर

दै. भास्कर 19/12/21

## साज-सज्जा के साथ बैंडस्टैंड के रूप में विकसित होगा

रतलाम● पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर की नवीन साज-सज्जा की जाएगी इसके लिए नक्शा बनकर तैयार हो गया है। गुलाब चक्कर को विकसित करने के लिए 27 लाख रुपए खर्च किए जाकर बैंडस्टैंड का रूप दिया जाएगा। विधायक चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शीघ्र ही गुलाब चक्कर सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक ने बताया कि रिनोवेशन कार्य पर जनभागीदारी योजना से 27 लाख 31 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। जिला टूरिज्म काउंसिल के तत्वावधान में उक्त कार्य की डीपीआर भोपाल की इंटेक संस्था द्वारा बनाई गई है। क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया है, जिसके द्वारा शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाने वाले हैं।

स्वदेश 19/12/21

## गुलाब चक्कर: 27 लाख से बैंडस्टैंड विकसित होगा

रतलाम। रतलाम के पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर की नवीन साज-सज्जा की जाएगी इसके लिए नक्शा बनकर तैयार हो गया है। गुलाब चक्कर को विकसित करने के लिए 27 लाख रुपए खर्च किए जाकर बैंडस्टैंड का रूप दिया जाएगा। विधायक चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शीघ्र ही गुलाब चक्कर सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक ने बताया कि रिनोवेशन कार्य पर जनभागीदारी योजना से 27 लाख 31 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। जिला टूरिज्म काउंसिल के तत्वावधान में उक्त कार्य की डीपीआर भोपाल की इंटेक संस्था द्वारा बनाई गई है। नवभारत

नवभारत 19/12/21

## मास्क नहीं लगाने वाले 52 लोगों से वसूला जुर्माना

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर केशव, विनोद, रियाज कृषि उपज मंडी से 100-100 रुपये, किशन, रमेश महू रोड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 52 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का स्पाट फाइन कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

## 24 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**रतलाम।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

अग्निबाण 19/12/21

## 6390 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार तक 6390 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## जोन प्रभारी सहित अन्य को दिए वायरलेस

**रतलाम.** नगर निगम में अधिकारियों को वायरलेस मिलने के बाद शनिवार को कर्मचारियों को इसका वितरण करने का आयोजन किया गया। आयुक्त सोमनाथ झारिया व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के चार जोन प्रभारी व 49 वार्ड दरोगा को इसका वितरण किया गया।

पत्रिका 19/12/21

## सुशासन दिवस 24 को मनाया जाएगा

**रतलाम |** सभी शासकीय कार्यालयों में 24 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पहले यह दिवस मनाया जाता है। शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

दै. भास्कर 19/12/21

## लाइन शिफ्ट काम, बंद रहेगी बिजली

**रतलाम.** स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत नगर निगम शहर के ऊंकाला रोड पर रविवार को लाइन शिफ्ट करने का काम करेगा। जयभारत नगर, मिल्लत नगर, काजीपुरा, शेरानीपुरा, समता सिटी, बिचलावास, चार चक्की क्षेत्र में सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

पत्रिका 19/12/21

# मेगा जाब फेयर : कलेक्टर ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी

रतलाम। रोजगार के अवसर 2021 मेगा जाब फेयर (प्लेसमेंट ड्राईव) का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड रतलाम में 22 दिसम्बर को प्रात: 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव की समुचित व्यवस्थाओं के सुचारु रुप से क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अनुविभागीय अधिकारी (शहर) अभिषेक गेहलोत कार्यक्रम समन्वयक बनाए गए हैं। महाप्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र मुकेश शर्मा, आईटीआई अधीक्षक एचके बाथम तथा सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उ. केन्द्र नीरज वरकड़े कम्पनियों से समन्वयक, नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान कानून व्यवस्था, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया पानी, सफाई व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री मप्रपक्षेविविकं विनय प्रतापसिंह विद्युत व्यवस्था, डॉ. प्रभाकर ननावरे स्वास्थ्य व्यवस्था तथा प्राचार्य आईटीआई युपी अहिरवार को पंजीयन, काउंटर तथा रिकार्ड संधारण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवभारत 19/12/21

# निगम से संबंधित कार्य नागरिक घर बैठे-बैठे करा सकेंगे

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम से संबंधित कार्य नगर के नागरिक घर बैठे कर सकें। इस हेतु नगर निगम रतलाम इंदौर सहित अन्य शहरों की तरह मोबाइल एप रतलाम 311 शीघ्र तैयार करने जा रहा है, जिसका प्रेजेन्टेशन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम अधिकारियों को सिविल सोल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड के अनिकेत चौहान ने दिया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम रतलाम इंदौर सहित अन्य बड़े शहरों की तरह नगर पालिका निगम रतलाम मोबाइल एप रतलाम 311 तैयार करने जा रहा है जो नगरवासियों को निगम के साथ संवाद स्थापित करने में मदद करेगा एवं निगम के कार्यों को सुगमता से संचालित करने हेतु एक माध्यम बनकर नगरवासियों को सुविधा प्रदान करने में मदद करेगा साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में मददगार साबित होगा।

## नगर निगम तैयार कर रहा है मोबाइल एप रतलाम 311

इस एप के माध्यम से हम शहर में आ रही समस्या जैसे स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, भवन निर्माण से संबंधित, उद्यान विभाग से संबंधित, कचरा गाड़ी से संबंधित आदि शिकायतों को विभाग के अधिकारियों को घर बैठे अवगत करा सकते हैं ताकि अधिकारी जल्द से जल्द समस्या का निराकरण कर सकें। इस एप में अन्य सुविधाएं जैसे जल कर, संपत्ति कर, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित निगम से संबंधित अन्य सेवाएं रहेंगी जिसका कमाण्ड सेंटर सिविक सेन्टर स्थित एसबीएम सेल में बनाया जाएगा। नागरिक एप के माध्यम से अपने घर से ही निगम से संबंधित करों की राशि जमा करा सकेंगे। एप के माध्यम से जहां एक ओर निगम के कार्यों को गति मिलेगी वहीं नागरिकों को सुविधा होकर निगम के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। स्वदेश

स्वदेश 19/12/21

आधा भी जमा नहीं हुआ तय लक्ष्य के मुकाबले

# कंल से निगम के कर जमा करने के शिविर, मार्च माह तक चलेंगे

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के द्वारा विभिन्न प्रकार की कर वसूली में कमजोर होने के बाद अब 20 दिसंबर से वार्डों में जाकर शिविर लगाने की शुरुआत करने जा रही है। यह शिविर मार्च माह तक चलेंगे। शहर के 49 वार्डो में शिविर लगाने का उद्देश्य एकमात्र यह है कि वर्ष 2021-2022 के लिए जो लक्ष्य जलकर व प्रापर्टी कर के लिए तय किया हुआ है, उसका अब तक 50 प्रतिशत वसूली भी नहीं हो पाई है।

## संपत्तिकर का कुल लक्ष्य-11 करोड़

अब तक जमा हुआ- 4.96 करोड़ रुपए

जलकर का कुल लक्ष्य - 13 करोड़

अब तक जमा हुआ - 4.25 करोड़ रुपए

पत्रिका

## यह कर जमा कर सकेंगे

आयोजित शिविर में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें।

## इस तरह होंगे शिविर

वार्ड 1 से 3 - 20 व 21 दिसंबर गांधीनगर उद्यान

वार्ड 1 से 3 - 22 दिसंबर को मालवा नगर लक्ष्मणपुरा

वार्ड क्रमांक 4 से 8 व 13 - 23 व 24 दिसंबर अंबेमाता मंदिर जवाहर नगर

वार्ड 4 व 5 - 27 व 28 दिसंबर - विनोबा नगर पानी टंकी

## रुपए से ही विकास होता

विभिन्न प्रकार के कर आमजन को स्वयं आगे आकर जमा करवाना चाहिए। कर के रुपए से ही विभिन्न विकास कार्य होते है।

- सोमनाथ झारिया, आयुक्त नगर

पत्रिका 19/12/21

# जोन प्रभारी व दरोगा वाकी-टाकी से लैस



नगर निगम सभागार में वाकी-टाकी से लैस जोन प्रभारी व वार्ड दरोगा। ●नईदुनिया

रतलाम। शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सफाई संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के जोन प्रभारी व 49 वार्ड दरोगाओं को वायरलैस वाकी-टाकी से लैस किया।

निगम सभागृह में आयुक्त ने वायरलैस वाकी-टाकी उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि इसका उपयोग स्वयं करें। अन्य किसी व्यक्ति या घर का कोई भी सदस्य इसका उपयोग नहीं करेगा। वाकी-टाकी को 24 घंटे चालू अवस्था में रखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा लंबी छुट्टी जाने पर वाकी-टाकी को निगम कार्यालय में जमा कराना होगा। उन्होंने कहा कि सभी को अलग-अलग नंबर के वाकी- गए टाकी दिए हैं, इसलिए बदले नहीं। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एसपी आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, निज सहायक सुभाष गोयल, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 19/12/21

## गंदगी-गाद से पटा शास्त्रीनगर नाला....



रतलाम के शास्त्री नगर में पूरा नाला गंदगी और गाद से पटा हुआ है। इससे क्षेत्र में बदबू फैल रही है तथा मच्छर का प्रकोप बढ़ रहा है। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से नाले की सफाई का कराने का अनुरोध किया है। •नईदुनिया

नई.

नईदुनिया 19/12/21

**जुटेंगे हजारों लोग** • लॉकडाउन के बाद पहली बार लग रहा मेला, अच्छे कारोबार की उम्मीद

# त्रिवेणी मेले के लिए झूले-चकरी आने लगे, शुरुआत 24 दिसंबर से

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11 दिनी त्रिवेणी मेला 24 दिसंबर से शुरू होगा जो 3 जनवरी तक चलेगा। मेले को देखते हुए कारोबारी आना शुरू हो गए हैं। झूला कारोबारियों ने तो अपने झूले लगाना शुरू कर दिए हैं। जैसे-जैसे मेले की तारीख करीब आएगी और कारोबारी यहां पहुंच जाएंगे। शहर में लॉकडाउन के बाद कोई मेला लगेगा।

कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के कारण पिछले साल त्रिवेणी मेला नहीं लगा था। इस बार नगर निगम द्वारा मेला लगाया जा रहा है। मंदसौर का मेला निपटाने के बाद कारोबारी यहां पहुंच गए हैं। यहां छोटे और बड़े झूले आना शुरू हो गए हैं। कई ने अपने झूले लगाना शुरू कर दिए हैं। कारोबारियों ने बताया लॉकडाउन के बाद पहली बार मेले में आए हैं। चूंकि संक्रमण कम हो गया है। मंदसौर के मेले में अच्छा कारोबार हुआ है। ऐसे में यहां अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

**दो साल बाद... शहर में दिखेगी मेले की रौनक**



त्रिवेणी मेले में झूले कारोबारी आना शुरू हो गए हैं।

## गंगाजल कलश यात्रा के साथ होगा महारुद्र यज्ञ का समापन

त्रिवेणी मेले में 68वां महारुद्र यज्ञ होगा। आयोजन श्री सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा। संतों के सान्निध्य में रोज महारुद्र यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी। प्रतिदिन संध्या आरती शाम 5 बजे की जाएगी। इसके बाद विभिन्न आयोजन होंगे। समिति ने तैयारी शुरू कर दी है। गंगाजल कलश यात्रा निकलेंगी और पूर्णाहुति के साथ महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

भास्कर

## जानिए महारुद्र यज्ञ में कब-क्या होगा

- **23 दिसंबर-** सुबह 9 बजे अगरजी का मंदिर में चौमुखा महादेव का अभिषेक किया जाए सुबह 11 बजे हेमाद्रि स्नान त्रिवे तट पर किया जाएगा।
- **24 दिसंबर-** सुबह 11.30 ब ध्वजारोहण पश्चात अग्नि प्रवेश कर यज्ञ का शुभारंभ।
- **1 जनवरी 2022 -** दोपहर 3 बजे त्रिवेणी तट से रथ यात्रा निकाली जाएगी।
- **2 जनवरी-** अमावस्या पर गंगाजल कलश यात्रा दोपहर 2 बजे से निकलेगी। गंगाजल के पश्चात आगामी 69वें महारुद्र यज्ञ के यजमान हेतु ड्रॉ निकाला जाएगा।
- **3 जनवरी-** दोपहर 3 बजे 68 महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

दै. भास्कर 19/12/21